[This question paper contains 6 printed pages.]

3441

Your Roll No. ..............

LL.B. / V Term BS

Paper LB-5032 – BUSINESS REGULATION

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note :– Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

*टिप्पणी :– इस प्रश्नपत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।*

*Attempt any* **Five** *questions.*
**All** *questions carry equal marks.*

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए।*
*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

1. (a) What is trade and business envisaged by Art. 19(1)(g) of the Constitution ?

(b) Discuss the concept of trade in light of liquor and lottery cases. (10,10)

(क) संविधान के अनु० 19(1)(g) में विचरित व्यापार एवं व्यवसाय क्या है ?

P.T.O.

(ख) मदिरा एवं लॉटरी के वादों के प्रकाश में व्यापार की अवधारणा की विवेचना कीजिए।

2. State of Bihar passes an order Agricultural Purposes Order, 2011 under the Essential Commodities Act, 1955, whereby it prohibits any person to work or employ any labour for any trade other than agriculture in notified villages. State of Bihar notifies two villages from July 2011 to November 2011 not to allow any labour to work except for agricultural purpose. The traders of these two villages challenge the order alleging violation of their right under Art. 19(1)(g) and saying that it is not a reasonable restriction under Art. 19(6). Decide. (20)

आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के अधीन बिहार राज्य ने एक आदेश "कृषिगत उद्देश्य आदेश, 2011 पारित किया जिसके द्वारा अधिसूचित ग्रामों में कृषि के अतिरिक्त दूसरे व्यवसायों में किसी व्यक्ति के किसी कार्य व अन्य किसी श्रम में नियोजन को निषिद्ध करता है। बिहार राज्य ने जुलाई 2011 से नवम्बर 2011 तक दो अधिसूचित ग्रामों में कृषि उद्देश्य के अतिरिक्त दूसरे कार्य में किसी श्रमिक को कार्य करने की अनुमति नहीं दी। इन दोनों ग्रामों के व्यापारियों ने इस आदेश अनु० 19(1)(g) के अधीन उनके अधिकार के हनन का आरोप लगाते हुए चुनौती दी तथा यह कहा कि यह अनु० 19(6) के अधीन युक्तियुक्त निर्बन्धन नहीं है। निर्णीत कीजिए।

3. (a) Discuss the scope of *audi alteram partem* rule as envisaged by Sec. 18AA of the Industries (Development and Regulation) Act, 1951.

(b) Is the government bound to give a copy of the report of the Investigating Committee to an undertaking, once adequate opportunity has been given during investigation under Sec. 15 of the Industries (Development and Regulation) Act, 1951 before taking over the industry under Sec. 18A ? (10,10)

(क) उद्योग (विकास एवं विनियम) अधिनियम, 1951 की धारा 18AA में विचरित "ऑडी आल्टरम पार्टम" के नियम के क्षेत्र की विवेचना कीजिए।

(ख) क्या किसी औद्योगिक संस्थान को उद्योग (विकास एवं विनियम) अधिनियम, 1951 की धारा 18A के अधीन अधिग्रहण से पूर्व अन्वेषण के दौरान एक बार पर्याप्त सुनवाई का अवसर प्रदान करने के बाद भी सरकार औद्योगिक संस्थान को अन्वेषण कमेटी की रिपोर्ट की कॉपी (प्रति) देने के लिए बाध्य है ?

4. (a) Discuss the Constitution, jurisdiction, role and functions of Telecom Regulatory Authority of India.

(b) What are the powers and duties of the Insurance Regulatory and Development Authority ?

(10,10)

(क) भारतीय दूर-संचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के संगठन, क्षेत्राधिकार, योगदान एवं कार्यों का विवेचन कीजिए।

(ख) बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण की क्या शक्तियाँ व कर्त्तव्य है ?

5. (a) Discuss the definitions of "service" and "consumer" as envisaged by the Consumer Protection Act, 1986.

(b) Lakshmi a pregnant woman comes to City Hospital for delivery of her child. City Hospital has two wings where treatment is charged also and poor patients are given free treatment. Lakshmi is poor and has paid only Rs. 10/- as registration charges. During the delivery, because of negligence of the hospital staff, she dies. Can her husband recover damages for her death ? (10,10)

(क) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 में विचरित "सेवा" तथा "उपभोक्ता" की परिभाषाओं की विवेचना कीजिए।

(ख) लक्ष्मी, एक गर्भवती स्त्री अपने बच्चे के जनन के लिए "सिटी अस्पताल" आती है। सिटी अस्पताल के दो भाग है जहाँ एक में चिकित्सा पर शुल्क लगता है तथा दूसरे में गरीब मरीजों को मुफ्त चिकित्सा प्रदान की जाती है। लक्ष्मी गरीब है और केवल 10 रुपये पंजीयन शुल्क के रूप में अदा करती है। जनन के दौरान अस्पताल के कर्मचारियों की उपेक्षा के कारण उसकी मृत्यु हो गई। यया उसका पति उसकी मृत्यु के लिए क्षतिपूर्ति प्राप्त कर सकता है ?

6. (a) Enumerate the composition and powers of the Competition Commission of India.

(b) In relation to anti-competitive agreements discuss the *per se* rule and the rule of appreciable adverse effect on competition. (10,10)

(क) भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के संगठन तथा शक्तियों को प्रतिपादित करें।

(ख) गैर-प्रतिस्पर्धी करारों के सम्बन्ध में स्वत: (पर से) नियम तथा प्रतिस्पर्धा का पर्याप्त विपरीत प्रभाव के नियम का विवेचन कीजिए।

7. (a) Can a law relating to state monopoly be subjected to test of reasonableness ? Discuss in the light of decided cases.

(b) With a view to ensure adequate supply of sugar to consumers at a fair price, the government of India fixes the price of sugar at Rs. 35/- per kg under Sec. 3 of the Essential Commodities Act, 1955. The price fixation is challenged as against Art. 14 and 19(1)(g) of the Constitution. Decide. (10,10)

(क) क्या राज्य एकाधिकार से सम्बन्धित विधि युक्तियुक्तता के परीक्षण के अधीन हो सकती है ? विनिश्चित वादों के परिपेक्ष्य में विवेचना कीजिए।

(ख) उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर चीनी की पर्याप्त मात्रा को सुनिश्चित करने की दृष्टि से भारत सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 के अधीन Rs. 35/- (35 रुपये) निर्धारित की है। मूल्य निर्धारण को संविधान के अनु० 14 एवं 19(1)(g) के विरूद्ध चुनौती दी गई। निर्णीत कीजिए।

8. Write short notes on any **two** :

(a) Competition Advocacy

(b) Duties of Director General of Investigation

(c) Rights of Consumers (10,10)

किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :-

(क) प्रतिस्पर्धीय वकालत

(ख) डायरेक्टर जनरल अन्वेषण के कर्त्तव्य

(ग) उपभोक्ताओं के अधिकार